## राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर उद्घाटन




02 से 08 फरवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। 02 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. केशव सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराणा प्रताप कृषक इंटर कालेज, जंगल धूसड़ के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार सिह ने स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने इस सप्तदिवसीय विशेष शिविर की प्रस्ताविका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिविर का दूसरा दिन




03 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक सत्र में 'पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय कुमार चौधरी तथा संचालन स्वयंसेवक श्री सत्यप्रकाश तिवारी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने अतिथि के प्रति आभार ज्ञापति किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाएं, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह, श्रीमती किरन सिंहं उपस्थित रहे।

### शिविर का तीसरा दिन




04 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रातः काल स्वयंसेवक व स्वयसेविकाओं ने अधिग्रहित ग्राम हसनगंज में जनजागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक तथा श्रमदान के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में 'व्यक्तितव विकास के विभिन्न आयाम' विषय पर किसान पी.जी. कॉलेज, सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मन्ध्यान ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक श्री अभिषेक कुमार सिंह तथा आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह

## शिविर का चौथा दिन

05 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन 'व्यक्तित्व के अनुशासनात्मक पहलू' विषय पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड्गवासला के सेवानिवृत भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक श्री प्रकाश पाण्डेय तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन सिंह ने कियां स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने अभिग्रहित गाँव हसनगंज, जंगल धूसड़ में ग्रामवासियों को स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अन्तर्गत घर–घर जाकर जागरूक किया। जनजागरण के उपरांत स्वयंसेवक द्वारा योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम में श्रमदान किया गया।




## शिविर का पाँचवा दिन

06 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक सत्र में 'शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का योग द्वारा उपचार' विषय पर भटवली महाविद्यालय, भटवली के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं योग विशेषज्ञ डॉ. बलवान सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कम्प्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरविन्द श्रीवास्तव ने की। अतिथि स्वागत बी.एड्. विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती पुष्पा निषाद तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक श्री सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। बौद्धिक सत्र से पूर्व स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा अभिग्रहित गाँव हसनगंज जंगल धूसड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं' अभियान के अन्तर्गत कन्या भ्रूण हत्या पर नुक्कड़, नाटक प्रस्तुत का ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।




## शिविर का छठवां दिन

07 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य' विषय पर बी.आर.डी. मेडिकल कालेज, गोरखपुर के इन्सेफेलाइटिस अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. बी. के. श्रीवास्तव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका दीक्षा मिश्रा ने तथा आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन सिंह ने कियां कार्यक्रम में स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



## शिविर का समापन समारोह

08 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर डॉ. अश्वनी कुमार मिश्र ने शिविरार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने सात दिनों के शिविर में किये गये। अलग–अलग कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह में स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, एकल गीत, समूह गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार मिश्र ने तथा आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया।




## रसायन विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

03 फरवरी को रसायन विज्ञान विभाग में 'उत्तर पूर्वी भारत की जनजातियों में लोकप्रिय आहार' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर बतौर मुख्य वक्ता ताराचन्द पी.जी. कालेज, निचलौल, महराजगंज के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र पाल कोहली ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विज्ञान विभाग के के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल, संचालन डॉ. राम सहाय तथा आभार ज्ञापन श्री प्रदीप वर्मा ने किया।




## बी.एड्. विभाग में उपचारात्मक कक्षाएं




06–11 फरवरी तक बी.एड्. विभाग द्वारा विषयगत समस्याओं के समाधान के लिए उपचारात्मक कक्षाएं संचालित की गयी। बी.एड्. प्रथम वर्ष में श्रीमती शिप्रा सिंह, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, सुश्री रचना सिंह तथा सुश्री श्वेता चौबे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, जबकि बी.एड्. अंतिम वर्ष में श्रीमती विभा सिंह, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव तथा श्री नवनीत सिंह द्वारा कक्षाएं संचालित की गयीं।

## विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा

06–19 फरवरी तक महाविद्यालय में विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा सुचिता पूर्वक सम्पन्न हुई तथा परीक्षा परिणाम 21 फरवरी को घोषित किया गया।



## रसायन विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

13 फरवरी को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नार्थ इस्टर्न रिजनल इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, निर्जुली, अरुणांचल प्रदेश के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव ने 'हरित रसायन' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने की, संचालन डॉ. राम सहाय तथा आभार ज्ञापन श्री प्रदीप वर्मा ने किया।




## बी.एड्. विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

18 फरवरी को बी.एड्. विभाग में गाँधी जी के 150वीं जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत 'शांति और समानता' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एड्. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती पुष्पा निषाद, आभार ज्ञापन श्रीमती विभा सिंह तथा कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक व बी.एड्. प्रथम व द्वितीय वर्ष के 61 छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे




## राष्ट्रीय सेवा योजना का चतुर्थ एक दिवसीय शिविर

21 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना का चतुर्थ एकदिवसीय शिविर अभिगृहीत ग्राम हसनगंज में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में गुरू श्रीगोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के सभी स्वयंसेवक तथा साक्षरता के लिए जन–जागरण अभियान चलाया। स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाएं स्वयं स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए। महाविद्यालय से रैली के रुप में जन–जागरण करते हुए वे अभिगृहीत ग्राम तक पहुँचे।







## बी.एड्. विभाग द्वारा पाँचदिवसीय स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का उद्‌घाटन कार्यक्रम



बी.एड. विभाग द्वारा 20 फरवरी से 24 फरवरी 2020 तक चलने वाले पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का उद्‌घाटन क्रीड़ा प्रांगण में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इस अवसर पर स्काउट–गाइड के कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह एवं स्काउट–गाइड के प्रशिक्षण श्री सूरज कुमार गौड़ के नेतृत्व में प्रार्थना एवं स्काउट–गाइड कुल गीत गाया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापकों को प्रशिक्षुओ ने स्काउट–गाइड की परिभाषा उद्‌देश्य पद्धति, नोटबुक बनाना, साइन, सैल्यूट, प्रार्थना, प्रतिशा, नियम तथा खेल के विषय में बताया इस अवसर पर बी.एड्. विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



## दूसरे दिन

बी.एड. विभाग द्वारा 20 फरवरी से 24 फरवरी 2020 तक चलने वाले पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन 21 फरवरी को प्रारम्भ क्रीड़ा मैदान में बी. पी. 06 योगाभ्यास हुआ तत्पश्चात् विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गयां प्रार्थना, गीत व ध्वजगीत गाया गया। कक्षा में सत्र कार्य के अन्तर्गत प्रशिक्षु श्री सूरज कुमार गौड़ ने स्काउट गाइड के प्रवेश पाठ्यक्रम, सीटी संकेत, स्काउट की इतिहास आदि को बताया।



## तीसरे दिन



स्काउट–गाइड के परिचयात्मक शिविर के तीसरे दिन 22 फरवरी को प्रशिक्षु श्री प्रदीप शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। 22 जनवरी को स्काउट गाइड के जन्मदाता बेवेल पावल जन्म दिवस को क्रमशः विश्व स्काउट गाइड दिवस और चिन्तन दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री अजय कुमार ने उद्बोधन किया। इसके बाद सत्र कार्य में प्रशिक्षुओं ने स्काउट–गाइड को पेट्रोल सिस्टम बताया जिसमें सिखाया गया कि टोली कैसे बनतीं है? और कार्य कैसे करती है? तत्पश्चात छात्राध्यापकों ने सेवा–कार्य किया जिसमें उन्होंने अपनी–अपनी टोली के साथ–सफाई का कार्य किया। शिविर के तीसरे दिन का अन्तध्वज अवतरण से हुआ।



## चौथे दिन

बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय (20 फरवरी से 24 फरवरी 2020) स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन का प्रारम्भ स्काउट अमित कुमार साहू ने झण्डारोहाण द्वारा किया। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने व्यायाम व श्रमदान किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने कक्षा सत्र में दिशाओं की जानकारी कम्पास व हाइक भ्रमण, प्राथमिक सहायता, अनुमान लगाना आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का निरीक्षण जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अरूण कुमार सिंह ने किया इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष डॉ. महेश सिंह ने उद्बोधन प्रस्तुत किया अन्त में रोवर प्रभारी श्री नवनीत सिंह ने आभार ज्ञापन दिया। इसके पश्चात् शिविर के चौथे दिन का समापन ध्वज अवतरण द्वारा सम्पन्न किया गया।



## बी.एड्. विभाग में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड परिचयात्मक शिविर का समापन

बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय (20 फरवरी से 24 फरवरी 2020) स्काउट–गाइड परिचयात्मक शिविर के समापन के दिन का प्रारम्भ क्रीड़ा मैदान में मार्च पास एवं योगाभ्यास से हुआ। तत्पश्चात् स्काउट हर्षा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया इसके बाद प्रार्थना गीत झण्डा गीत हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात् सभी प्रशिक्षु ने टोली में अपना–अपना कैम्प लगाया और भोजन पकाने का कार्य किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सुषमा पाण्डेय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय ने उद्बोधन दिया छात्राध्यापकों ने कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत व नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन दीक्षा संस्कार तथा ध्वजअवतरण के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## समावर्तन संस्कार समारोह

23 फरवरी को महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धसूड़, गोरखपुर के तेरहवें समावर्तन संस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी की उपाध्यक्ष पद्मश्री सुश्री निवेदिता भिड़े जी ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय, गोरखपुर प्रो. विजय कृष्ण जी ने किया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत की तथा समावर्तन उपदेश को छात्रों को बताया एवं संकल्प का शपथ दिलाया इस अवसर पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार यादव एवं पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष सुश्री संजू सेन भी उपस्थित रही। समावर्तन 2020 पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि पद्मश्री निवेदिता भिड़े तथा कुलपति प्रो. विजय कृष्ण द्वारा किया गयां समारोह में छात्र–छात्राओं श्रेष्ठम शिक्षक व श्रेष्ठम कर्मचारी को पुरस्कृत किया गया।









## ये हुए पुरस्कृत

महाविद्यालय में वर्ष भर की गतिविधियों के आधार पर श्रेष्ठतम शिक्षक और कर्मचारियों को निम्न सम्मान दिया गया।

**श्रेष्ठतम शिक्षक को सरस्वती सम्मान–** श्री विनय सिंह।

**सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी–** (1) श्री सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा, (2) श्री विजय कुमार मद्द्धेशिया, (3) श्री सिद्धार्थ शुक्ला

**सर्वश्रेष्ठ पुरातन छात्र–** श्री दीपक कुमार

**सर्वश्रेष्ठ कम्प्यूटर प्रशिक्षु–** श्री आदर्श भगत

**श्रेष्ठतम कर्मचारी का महराणा प्रताप सम्मान–** श्री झब्बर जी।

**श्रेष्ठतम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को महायोगी गुरु गोरक्षनाथ सम्मान–** श्री विनोद जी।

**सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षिका–** सुश्री प्रिती निषाद।

**हमारे पूर्वज (सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी)–** सुश्री हिमानी मिश्रा।

**जीवन मूल्य (सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी)–** सुश्री हर्षा।













## विश्वविद्यालयी पूर्व परीक्षा के श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

**बी.ए. प्रथम वर्ष–** दीपचन्द, **बी.ए. द्वितीय वर्ष–** सुश्री रंजना चौरसिया, **बी.ए. तष्तीय वर्ष–** सुश्री अम्बिका सिंह, **बी.काम. प्रथम वर्ष–** सुश्री काजल सिंह, **बी.काम. द्वितीय वर्ष–** सुश्री शिप्रा पटेल, **बी.काम. तष्तीय वर्ष–** सुश्री नेहा शर्मा, **बी.एस–सी. प्रथम वर्ष–** श्री कुवर शिवम सिंह, **बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष–** सुश्री प्रिया त्रिपाठी, **बी. एस–सी. तष्तीय वर्ष–** सुश्री श्वेता मिश्रा, **एम.ए. प्रथम वर्ष (इतिहास)–** सुश्री रिंकी, **एम.ए. द्वितीय वर्ष (समाजशास्त्र)**–सुश्री सुनीता चौहान, **एम.काम. द्वितीय वर्ष–** सुश्री अंकिता सिंह।


समावर्तन संस्कार समारोह






समावर्तन संस्कार समारोह
२३ फरवरी, २०२०
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

